नीतिआयोग की डेल्टा रैंकिंग में झारखंड देशभर में अव्वल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में ग्रामीण विकास मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा जारी श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना के तहत जून महीने की डेल्टा रैंकिंग में झारखंड ने पहला स्थान प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि रूर्बन मिशन में लगातार बेहतर कार्य किया जा रहा है एवं राज्य स्तर पर कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने संबंधित जिलों के अधिकारियों को राज्य के विकास के लिए और अधिक तत्परता से विकासोन्मुखी कार्यों पर जोर देने का निर्देश दिया।
- मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय (भारत सरकार) ने जून माह की डेल्टा रैंकिंग जारी की है, जिसमें झारखंड देशभर में पहले पायदान पर है। ओवर ऑल परफार्मेंस में भी झारखंड ने सुधार करते हुए देशभर में 8वाँ स्थान अर्जित किया है। भविष्य में रूर्बन मिशन से हर गाँव-हर परिवार को लाभान्वित करना राज्य सरकार का लक्ष्य है।
- इसी के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीणों को रोज़गार उपलब्ध कराने की पहल की गई है। इस कार्य में रूर्बन योजना प्रभावी भूमिका निभा रही है। रूर्बन योजना का उद्देश्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास पर फोकस करना है, आर्थिक विकास और मूल्य सृजन, ईएनटी बढ़ाने तथा बुनियादी सेवाओं के साथ-साथ सिंचाई सुविधा के लिये कुआँ इत्यादि के निर्माण पर जोर देना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-tops-in-delta-ranking-released-by-niti-aayog